एक भारत के नागरिकों तथा भारत के संविधान के तहत मान्य अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों से राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2022 , के अंतर्गत निम्न पदों हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते है। विभिन्न वर्गों हेतु उल्लेखित पदों की संख्या विभागो द्वारा प्रेषित मांगपत्रों के अनुसार है :-

| क्र. | विभाग का नाम | रिक्त पदों की संख्या | | | | | | रिक्तियों में से मध्य प्रदेश की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | | रिक्तियों में से मध्य प्रदेश के मूल निवासी नि:शक्त अभ्यर्थियों हेतु आरक्षित पदों की संख्या | | | | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | UR | SC | ST | OBC | EWS | कुल | UR | SC | ST | OBC | EWS | LD | VH | HH | MD | |
| सहायक यंत्री सिविल | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | लोक निर्माण विभाग | 9 | 2 | 0 | 5 | 2 | 18 | 3 | 1 | 0 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 15600-39100 5400 |
| सहायक कृषि यंत्री | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 2 | मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग | 6 | 3 | 3 | 4 | 1 | 17 | 2 | 1 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 15600-39100 5400 |
| सहायक यंत्री (वि.सु.) एवं सहायक विद्युत निरीक्षक | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 3 | ऊर्जा विभाग | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 15600-39100 5400 |

दो - पद का विवरण

**(1)** (अ) पद का नाम : सहायक यंत्री सिविल

(ब) विभाग का नाम : मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग

(स) अर्हता : **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता**

भारत के किसी अभियांत्रिकी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय या राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित अभियांत्रिकी संस्था से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि।

(द) कर्तव्य : लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत सड़क, पुल, भवन के निर्माण, संधारण, रूपांकन आदि।

(इ) श्रेणी तथा वेतनमान : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी (स्थायी पद)

15600-39100 + 5400 ग्रेड पे

छठे वेतन आयोग अनुसार। सातवें वेतन आयोग के तत्स्थानी वेतनमान देय होंगे।

**(2)** (अ) पद का नाम : सहायक कृषि यंत्री

(ब) विभाग का नाम : मध्यप्रदेश शासन किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग

(स) अर्हता : **अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता**

कृषि इंजीनियरिंग में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक कम से कम द्वितीय श्रेणी

(द) कर्तव्य : जिले में कृषि यंत्रीकरण से संबंधित गतिविधियों का संचालन एवं कृषि यंत्रों का प्रदर्शन एवं उनकी जानकारी से कृषकों को प्रशिक्षित करना।

(इ) श्रेणी तथा वेतनमान : राजपत्रित द्वितीय श्रेणी (स्थायी पद)

15600-39100 + 5400 ग्रेड पे

छठे वेतन आयोग अनुसार। सातवें वेतन आयोग के तत्स्थानी वेतनमान देय होंगे

